पंजाब केसरी 08/02/2025

समझौता ज्ञापन के साथ गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने एक्सीलैंस सॉल्यूशंस के साथ किया एम.ओ.यू.

अम्बाला, 7 फरवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की सी.आर.सी. यूनिट एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के सहयोग से एक्सीलैंस सॉल्यूशंस के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए।

कॉलेज की सी.आर.सी यूनिट की संयोजिका डा. भारती सुजान ने बताया कि युवा व्यक्तियों के कौशल को बढ़ाने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम के तहत गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने एक्सीलैंस सॉल्यूशंस की डायरैक्टर दीपक कश्यप के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी से क्षेत्र में युवा वयस्कों के लिए कौशल अंतर को पाटने और रोजगार क्षमता को बढ़ाकर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की उम्मीद बढ़ेगी।

कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डा. प्रबलीन कौर ने कहा कि इस समझौते से छात्रों के लिए बातचीत करने एवं आवश्यकताओं और उपलब्ध अवसरों को समझने का एक मार्ग तैयार होगा। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने कहा कि छात्रों को नौकरी के अवसरों की पहचान करने में मदद करना ही सी.आर.सी. यूनिट का मुख्य उद्देश्य है।

टी.पी.ओ. प्रो. कमलप्रीत कौर ने बताया कि कंपनी में नए नौकरी चाहने वालों के लिए नौकरी के संभावित अवसर हैं। इस आयोजन से संगठन और छात्रों को एक-दूसरे को स्वीकार करने में मदद मिलेगी।

भविष्य में भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के अहम कदम उठाने के कॉलेज हमेशा अग्रसर रहेगा।